# अपनाले मुझको सांवरे | by राजू सिंह अनुरागी

सुना है मेरे सांवरे तू हारे का है सहारा
दुनिया ने है ठुकराया सब ने मुझको रुलाया
मैं जीवन की हर बाजी कन्हैया हार के आया हूं
अपना ले मेरे सांवरे तेरे पास आया हूं

तू जग का स्वामी हारे का सहारा
तुझसे ही बाबा सब का गुजारा
तू वक्त से पहले देता किस्मत से भी ज्यादा
मैं हारी बाजी जीतने तेरे द्वार आया हूं
अपना ले मेरे सांवरे तेरे पास आया हूं

अखियां है तरसे हूं तरसा सुख को
हिम्मत भी टूटी देख अपने दुख को
जिस जिस ने मौका पाया सब ने मुझको है रुलाया
मैं दिल की टूटी तार बाबा जोड़ने आया हूं
अपना ले मेरे सांवरे तेरे पास आया हूं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%85%e0%a4%aa%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a4%95%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-%e0%a4%b0%e0%a4%be%e0%a4%9c%e0%a5%82/